## एक नजर में

### प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं



**नीमच।** प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा नीमच जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने प्रदेशवासियों सहित नीमच जिले के सभी नागरिकों को 15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने अपने संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों के निर्वहन की प्रेरणा देता है। यह दिन हमें स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का स्मरण कराते हुए राष्ट्र की सेवा, समर्पण और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि हम सभी को देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए निरंतर योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए। प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने जिलेवासियों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने तथा हर घर तिरंगा अभियान में सहभागिता करने की अपील की है।

### सांसद, विधायकगणों ने दी स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं



**नीमच।** क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता, जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार, मनासा विधायक अनिरूद्ध मारू तथा जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान ने जिलेवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। जनप्रतिनिधियों ने अपने शुभकामना संदेश में जिलेवासियों के सुखी, समृद्ध एवं खुशहाल जीवन की कामना करते हुए जिले के समग्र विकास में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन, सेवा, समर्पण और देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर हम सभी राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लें। जनप्रतिनिधियों ने जिलेवासियों से 'हर घर तिरंगा' अभियान में सहभागी बनने तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति सम्मान और गौरव की भावना व्यक्त करने का आह्वान किया है।

### जिले में अब तक औसत 492.8 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल के दौरान अब तक औसत 492.8 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 725.0 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख, नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से 14 अगस?त 2026 की प्रातः 8 बजे तक जिले की चारों तहसीलों में वर्षा का विवरण इस प्रकार है- नीमच में 512.5 मि.मी., जावद में 435.0 मि.मी., मनासा में 437.0 मि.मी. तथा सिंगोली में 586.7 मि.मी. तथा मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

गत वर्ष इसी अवधि में नीमच में 660.0 मि.मी., जावद में 738.0 मि.मी., मनासा में 538.0 मि.मी. तथा सिंगोली में 964.3 मि.मी. तथा वर्षा दर्ज की गई थी। इसी प्रकार, 14 अगस?त 2026 को प्रातः 8 बजे तक बीते 24 घंटों में जिले में औसतन 17.4 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई। इस दौरान नीमच तहसील में 1.0 मि.मी., जावद में 18.0 मि.मी., सिंगोली में 50.8 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई तथा मनासा में वर्षा दर्ज नहीं की गई है।

### कलेक्टर एवं एसपी ने जिलेवासियों को दी स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

**नीमच।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने जिले के सभी नागरिकों को 15 अगस्त की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। कलेक्टर एवं एस.पी. ने अपने संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस का पर्व हमें राष्ट्रभक्ति, देशप्रेम एवं भाईचारे की भावना के साथ एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हम राष्ट्र के प्रति सेवा, समर्पण और देशभक्ति का संकल्प लें तथा देश की प्रगति में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं आमजन को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए सभी के सुखी, स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन की कामना की है।

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत हरवार में शिविर

## समस्याओं के निराकरण के साथ उनके स्थायी समाधान पर दें जोर : विधायक परिहार

▶ जनता के बीच पहुंचकर समस्याओं का समयबद्ध निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता : कलेक्टर



**नीमच। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को ग्राम हरवार में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के दूसरे चरण का आयोजन किया गया।**

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों पर समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और प्रशासन को जनता के और करीब लाना है। प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसकी आवश्यकता के अनुसार शासन की योजनाओं का लाभ मिले और उसकी समस्या का स्थायी समाधान हो, यही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निराकरण करते समय समस्या के मूल कारण को समझकर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। विधायक श्री परिहार ने कहा कि सरकार द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आवास, पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि हरवार-जलेश्वर मार्ग का कार्य जल्दी ही प्रारंभ कराकर पूर्ण कराया जाएगा। साथ ही हरवार डेम की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य भी शीघ्र कराया जाएगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योग एवं गोपालन को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विधायक ने सभी पंचायत सचिवों एवं सरपंचों को पात्र हितग्राहियों की सूची पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा करने तथा ग्रामसभा में उसका वाचन कराने के निर्देश दिए।



## एक्शन मोड में पुलिस कप्तान : जीरन थाने का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं परखकर दिए सख्त निर्देश

**नीमच।** प्रदेशभर में संचालित 'जन विश्वास अभियान' के तहत मुख्यमंत्री द्वारा जारी प्राथमिकताओं एवं दिशा-निर्देशों के मैदानी क्रियान्वयन को लेकर नीमच पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में एसपी व्यास ने पुलिस थाना जीरन का औचक निरीक्षण कर कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक कार्यप्रणाली एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाने के अभिलेखों, अपराध रजिस्टर, रोजनामचा सहित महत्वपूर्ण रिकॉर्ड का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने हवालात एवं मालखाने की सुरक्षा व्यवस्था भी परखी तथा थाना परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। थाने में लंबे समय से खड़े जप्तशुदा वाहनों के विधिसम्मत एवं शीघ्र निराकरण तथा लंबित मामलों का समयबद्ध निपटारा करने के लिए नगर पुलिस अधीक्षक नीमच एवं थाना प्रभारी जीरन को सख्त निर्देश दिए।



## स्वतंत्रता दिवस से पहले तिरंगे के रंग में रंगा नीमच, टैगोर मार्ग पर सजा बाजार

**नीमच।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व नीमच शहर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आ रहा है। 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। राष्ट्रप्रेम की भावना अब बाजारों में भी दिखाई देने लगी है। शहर के प्रमुख टैगोर मार्ग पर तिरंगे और राष्ट्रभक्ति से जुड़ी सामग्री की दुकानों पर सुबह से देर शाम तक लोगों की भीड़ उमड़ रही है। टैगोर मार्ग पर करीब 30 से अधिक दुकानें तिरंगे एवं देशभक्ति से संबंधित सामग्री से सजी हुई हैं। यहां राष्ट्रीय ध्वज के अलावा दोपहिया वाहनों पर लगाने वाले छोटे तिरंगे, स्टीकर, रिबन, बैज, दुपट्टे, हेयर बैंड, हैंड बैंड, तिरंगे रंग की कैप, गुब्बारे, टी-शर्ट, तिरंगा मालाएं सहित विभिन्न आकर्षक सामग्री उपलब्ध है।

## भाजपा जिला नीमच ने सभी मंडलों के प्रभारियों की घोषणा की

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के निर्देशानुसार, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य एवं जिला संगठन प्रभारी सुभाष पटेल की सहमति से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल द्वारा जिले के समस्त मंडल प्रभारियों की घोषणा कर सूची जारी की गई है। घोषित मंडल प्रभारियों में विधानसभा क्षेत्र नीमच के अंतर्गत—दीनदयाल मंडल नीमच की प्रभारी रेखा धाकड़, मुखर्जी मंडल नीमच के अशोक विक्रम सोनी, उत्तर मंडल के नरेंद्र मालवीय, दक्षिण मंडल के श्याम काबरा, भादवामाता मंडल के अश्विन सोनी तथा कुशाभाऊ मंडल के लिए आशीष सारडा को प्रभारी बनाया गया है।

# कलेक्टर ने जीरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

## मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**नीमच।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को जीरन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजाद्य लिया।

कलेक्टर चंद्रा ने अस्पताल परिसर, ओपीडी, वार्ड, दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला, आयुष्मान कार्ड एवं जन आरोग्य से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा मरीजों की सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री चंद्रा ने जीरन में पूर्व में हुई घटना को संज्ञान में लेते हुए आउटसोर्स पर कार्यरत लैब टेक्नीशियन श्री हरीश पाटीदार को कार्य से पृथक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई लैब टेक्नीशियन अथवा स्वास्थ्य कर्मचारी अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन नहीं करता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को तत्काल प्राथमिकता के आधार पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सोनिया बैरागी को दिए।

**एक नजर** — 250 से अधिक वाहनों की जांच, 61 चालान से 26,700 रुपए समन शुल्क वसूला; 56 होटल-लॉज और ढाबों की भी जांच

# नीमच पुलिस की बड़ी कार्रवाई : कॉम्बिंग गश्त में 130 वारंट तामील, 44 लीटर अवैध शराब जब्त

**नीमच।** जिले में अपराधियों और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नीमच पुलिस ने 13-14 अगस्त की दरमियानी रात विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों और बल ने एक साथ कार्रवाई की।

अभियान का मुख्य उद्देश्य लंबे समय से फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़, आदतन अपराधियों की निगरानी, होटल-लॉज एवं ढाबों की जांच तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करना रहा।



**130 वारंट तामील**–कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने लंबे समय से फरार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 130 वारंट तामील कराए। इनमें 39 स्थायी वारंट और 91 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। तामील किए गए वारंटों में मादक पदार्थ तस्करी का एक, शरीर संबंधी अपराधों के 52 तथा चोरी-लूट से जुड़े 15 वारंट शामिल बताए गए हैं।

**250 से अधिक वाहनों की जांच**

अभियान के दौरान जिले में 12 स्थानों पर संयुक्त वाहन चेकिंग पॉइंट लगाए गए। पुलिस ने 250 से अधिक वाहनों की जांच की। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 61 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए 26,700 रुपए समन शुल्क वसूला गया। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत भी कार्रवाई की गई।

**44 लीटर अवैध शराब जब्त**

अवैध शराब और सट्टे के खिलाफ भी पुलिस ने कार्रवाई की। आबकारी अधिनियम के तहत 9 प्रकरण दर्ज कर 44 लीटर अवैध देशी एवं कच्ची शराब, जिसकी कीमत करीब 4,300 रुपए बताई गई है, जब्त की गई। वहीं सट्टा एक्ट के तहत 3 प्रकरण दर्ज कर 740 रुपए नगद बरामद किए गए।

## मंदसौर

## एक नजर में

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने प्रदेशवासियों को दी स्वतंत्रता दिवस शुभकामनाएं

**मंदसौर।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए उनके प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि यह ऐतिहासिक दिन हमें हमारे महान वीरों के त्याग, तपस्या और बलिदान की याद दिलाता है। स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण के मार्ग पर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विज़न को साकार करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि आर्थिक सुदृढ़ीकरण, वित्तीय अनुशासन और पारदर्शी व्यवस्था के जरिए मध्यप्रदेश तेजी से विकास के नए आयाम छू रहा है। हमारा लक्ष्य प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और राज्य को देश के सबसे समृद्ध राज्यों में शामिल करना है। उप मुख्यमंत्री श्री देव?ा ने प्रदेश के नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा, ज्ञान और कौशल का उपयोग आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश और सशक्त भारत के निर्माण में करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का एक प्रयास ही देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए काफी होगा।

### उल्टा तिरंगा लहराने के मामले में दो नामजद सहित तीन पर केस

**पिपलियामंडी।** नगर परिषद मल्हारगढ़ द्वारा 13 अगस्त को आयोजित हर घर तिरंगा यात्रा के दौरान कथित रूप से राष्ट्रीय ध्वज को उल्टा लहराने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नामजद व्यक्तियों सहित एक अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। मामले में भाजपा नेता योगेश कछावा निवासी मल्हारगढ़, राजेश पाटीदार निवासी नारायणगढ़ तथा एक अज्ञात व्यक्ति को आरोपी बनाया गया है। पुलिस के अनुसार 13 अगस्त को नगर परिषद मल्हारगढ़ की ओर से हर घर तिरंगा यात्रा/रैली का आयोजन किया गया था। रैली की सुरक्षा एवं व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल रघुवंशी पुलिस बल के साथ सीएम राइज स्कूल, स्टेशन रोड मल्हारगढ़ पहुंचे थे। यहां स्कूली बच्चों द्वारा रैली में शामिल होने वाले जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं आम लोगों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस के अनुसार योगेश कछावा एवं राजेश पाटीदार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को कथित रूप से उल्टा लहराया जा रहा था।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर पीड़ित परिवारों का सम्मान

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया गया। नगर पालिका सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में विभाजन की त्रासदी झेलने वाले परिवारों के सदस्यों का सम्मान किया गया। इसके बाद गांधी चौराहा से भारत माता चौराहा तक मौन जुलूस निकालकर विभाजन में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई।



कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि देश का विभाजन केवल सीमाओं का बंटवारा नहीं था, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन, परिवार और भावनाओं का विभाजन था। लाखों लोगों को अपना घर-बार और जन्मभूमि छोड़कर विस्थापन का दंश झेलना पड़ा। विभाजन की पीड़ा आज भी अनेक परिवारों की स्मृतियों में जीवित है। उन्होंने कहा कि इस इतिहास को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है, ताकि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति चेतना बनी रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि आजादी से पूर्व देश ने विभाजन की जिस विभीषिका को झेला, उसकी कल्पना मात्र से मन सिहर उठता है। उन्होंने कहा कि विभाजन के दौरान असंख्य परिवारों ने अपना घर, संपत्ति और अपनों को खोया। ऐसी घटनाओं का स्मरण राष्ट्र की एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संदेश देता है।

कार्यक्रम में समाजसेवी गुरुचरण बग्गा, दृष्टानंद नेनवानी और फतुमल बालवानी ने विभाजन के दौरान अपने परिवारों द्वारा झेली गई पीड़ा और संघर्ष के संस्मरण सुनाए। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों में परिवारों को अपना सब कुछ छोड़कर भारत आना पड़ा। इस अवसर पर गुरुचरण बग्गा, दृष्टानंद नेनवानी, वासुदेव सेवानी, फतुमल बालवानी, मोतीराम नेनवानी, संतोष आसवानी, नारायणदास नेनवानी, ताराचंद नेवानी, केवलराम नेनवानी, महेंद्रसिंह छावड़ा, सतीश कपूर सहित विभाजन पीड़ित परिवारों के सदस्यों का अतिथियों ने शाल-दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।



## ऐतिहासिक ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकली

**मंदसौर।** शुक्रवार को भाजपा किसान मोर्चा की तिरंगा यात्रा ने ऐतिहासिक रूप ले लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा के नेतृत्व मे किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ,भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, पुर्व केबिनेट मंत्री विधायक हरदीपसिंह डंग, प्रदेश पदाधिकारीगण किसान मोर्चा गणपतसिंह आंजना का विशेष आतिथ्य प्राप्त हुआ। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह चूंडावत ने यात्रा का नेतृत्व कीया करीब 15 किलोमीटर लंबी भव्य ट्रेक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में 300 से अधिक ट्रैक्टर एवं जेसीबी मशीनो के साथ बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।



## जनहित के मुद्दों को लेकर शिवसेना का प्रदर्शन

**मंदसौर।** शहर के गांधी चौराहे पर शिवसेना द्वारा जनहित के विभिन्न मुद्दों और आमजन की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। इस आंदोलन को समर्थन देने के लिए स्वामी जी के नेतृत्व में संयुक्त बेरोजगार नवयुवक एकता समिति के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में धरना स्थल पर पहुंचे। समिति के पदाधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि जनता से जु? मुद्दों, अन्याय और प्रशासनिक शिथिलता के खिलाफ लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाना बेहद जरूरी है। समिति हमेशा संगठन, सेवा, संघर्ष और समर्पण के सिद्धांतों पर चलते हुए युवाओं, किसानों, मजदूरों और जरूरतमंदों के अधिकारों के लिए मजबूती से आवाज उठाती रहेगी। । इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष वकील बंजारा, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष संजय खरा?ी, लेबर सेल प्रदेश अध्यक्ष नईम शाह, प्रदेश सलाहकार एडवोकेट विजय बैरागी, मंदसौर जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण, लेबर सेल जिलाध्यक्ष सुमन राणा आदि थे।

**एक नजर** — सीएससी की भव्य तिरंगा वाहन रैली ने दिया डिजिटल इंडिया और जनसेवा का संदेश

# सीएससी ई-गवर्नेंस की ओर से मंदसौर जिले में भव्य तिरंगा वाहन रैली का आयोजन

**मंदसौर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीएससी ई-गवर्नेंस की ओर से मंदसौर जिले में भव्य तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ नई आबादी स्थित सीएससी संचालक अंकित जैन शंखेश्वर नागरिक सुविधा केंद्र से हुआ। बड़ी संख्या में सीएससी वीएलई संचालकों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ रैली में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगा वाहन रैली को सीएससी स्टेट फाइनेंशियल डिपार्टमेंट के नीतीश पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख आशीष रसीले एवं आवास हाउसिंग जिला प्रमुख हरीश गहलोत सहित सीएससी से जुड़े पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में वीएलई संचालक मौजूद रहे। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान वीएलई संचालकों ने राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता के साथ डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। तिरंगे के साथ निकली रैली से शहर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला।

### गांव-गांव डिजिटल सेवाओं की पहुंच

सीएससी वीएलई संचालकों ने बताया कि कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में नागरिकों को विभिन्न सरकारी एवं डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें आधार, पैन कार्ड, आयुष्मान भारत, ई-श्रम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, बैंकिंग एवं डिजिटल भुगतान, बीमा, पेंशन, बिजली बिल भुगतान, रेल एवं यात्रा सेवाएं, टेली-लॉ तथा ई-डिस्ट्रिक्ट जैसी सेवाएं प्रमुख हैं। वीएलई संचालकों ने कहा कि सीएससी केंद्र सरकार और आम नागरिकों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य कर रहे हैं। डिजिटल सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक बढ़ाकर नागरिकों को शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं से जो?ने में सीएससी की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित इस तिरंगा वाहन रैली के माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, डिजिटल सशक्तिकरण और जनसेवा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। रैली जिले में डिजिटल जागरूकता और राष्ट्रप्रेम को बढ़ावा देने वाली सराहनीय पहल रही।